राजस्थान सरकार

कार्यालय सहायक निदेशक, महिला अधिकारिता, सिरोही

क्रमांकः /मअ/साथिन चयन/2022-23/519 दिनांक 13/6/2022

प्रोग्रामर,
निदेशालय महिला अधिकारिता विभाग
राजस्थान सरकार,
जयपुर ।

विषयः- इस कार्यालय द्वारा साथिन भर्ती हेतु जारी विज्ञप्ति संख्या 01/2022 दिनांक 03.06.2022 को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड कराने बाबत्।

महोदय,

विषयान्तर्गत लेख है कि इस कार्यालय द्वारा साथिन भर्ती हेतु जारी विज्ञप्ति संख्या 01/ 2022 दिनांक 03.06.2022 को जारी गई है जिसको अभी तक विभागीय वेबसाईट पर अपलोड नहीं किये जाने से इस सम्बन्ध में आवेदकों द्वारा इस कार्यालय को बार-बार सम्पर्क किया जा रहा है। अतः उक्त विज्ञप्ति तथा साथिन चयन के सम्बन्ध में जारी नवीनतम सर्कुलर को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करवाएें।
संलग्न :- उपरोक्तानुसार।

(अंकिता राजपुरोहित)
सहायक निदेशक
महिला अधिकारिता विभाग,
सिरोही

राजस्थान सरकार
कार्यालय सहायक निदेशक, महिला अधिकारिता विभाग, सिरोही
ई–मेल : sirohi.we@rajasthan.gov.in

क्रमांक म.अ./साथिन चयन/2022/392 दिनांक : 3/6/2022

विज्ञप्ति संख्या : 1/2022

जिले की निम्नलिखित पंचायत समितियो के सम्मुख अंकित ग्राम पंचायतो में साथिन के स्वैच्छिक मानदेय सेवा के रिक्त पदों पर चयन हेतु इस कार्यालय में आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है :–

क्र.सं.	पंचायत समिति का नाम	ग्राम पंचायत का नाम
1	सिरोही	आमलारी, बरलूट, भूतगांव, हालीवाडा, मेरमण्डवाडा, फुंगणी, सनपुर,
2	शिवगंज	अरठवाडा, जेतपुरा, कैलाशनगर, कलदरी, नारादरा, वाण
3	पिण्डवाडा	काला महादेव खेडा, पानिया, वालोरिया,
4	रेवदर	दांतराई, धाण, हरनी अमरापुरा, जीरावल, जोलपुर, मकावल, निम्बज, पामेरा, पीथापुरा, सनवाडा, वरमाण
5	आबूरोड	आंवल, भैंसासिंह, दोयतरा, खडात, क्यारिया, मूंगथला, सांतपुर, वासडा

1. साथिन पद के लिए आवेदनकर्ता महिला सम्बन्धित ग्राम पंचायत की मूल निवासी होनी चाहिए। विधवा महिला व तलाकशुदा, परित्यक्ता महिला को ससुराल व मायके दोनों स्थानों के लिए नियमानुसार स्थानीय निवासी माना जा सकेगा।
2. आवेदनकर्ता महिला का साथिन हेतु न्यूनतम दसवीं उत्तीर्ण होना आवश्यक है विशेष परिस्थिति में 8वीं उत्तीर्ण महिला का चयन किया जा सकेगा।
3. साथिन पद हेतु महिला का विवाहित होना आवश्यक नहीं है।
4. विज्ञप्ति जारी होने की तिथि को आवेदक की आयु सामान्य/अन्य पिछडा वर्ग 21–35 वर्ष, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति 21–40 वर्ष, विधवा/तलाकशुदा/परित्यक्ता के लिए 21–45 वर्ष होनी चाहिए।
5. आवेदन पत्र इस कार्यालय अथवा ग्राम पंचायत या विभागीय वेबसाईट WWW.Wcd.rajasthan.gov.in से प्राप्त किया जा सकता है।
6. चयन परिपत्र क्रमांक 108508 दिनांक 19.08.2021 विभागीय वेबसाईट पर उपलब्ध है।
7. योग्य अभ्यर्थी अपना पूर्ण भरा हुआ आवेदन पत्र (2 प्रतियो में) आवश्यक दस्तावेजो की स्वप्रमाणित छाया प्रति के साथ इस कार्यालय मे दिनांक 06.07.2022 को सांय 5.00 बजे तक व्यक्तिशः/डाक के माध्यम से जमा करा सकेगी।
8. इस संबंध मे विस्तृत जानकारी सहायक निदेशक, महिला अधिकारिता विभाग, सिरोही के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

(अंकिता राजपुरोहित)
सहायक निदेशक
महिला अधिकारिता विभाग,
सिरोही

क्रमांक म.अ./साथिन चयन/2022/393-402 दिनांक : 31 6 2022

प्रतिलिपि : निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. श्रीमान मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद, सिरोही।
2. श्रीमान उपनिदेशक, महिला एवं बाल विकास विभाग, सिरोही।
3. विकास अधिकारी पंचायत समिति सिरोही/शिवगंज/पिण्डवाडा/रेवदर/आबूरोड को भेजकर निवेदन है कि रिक्त साथिन पद पर चयन हेतु सम्बंधित ग्राम पंचायतो में दिनांक 15 अगस्त, 2022 को ग्राम सभा के आयोजन बाबत आदेश नियमानुसार विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस में जारी करने का श्रम करावे तथा साथिन चयन को दिनाक 15 अगस्त, 2022 की ग्राम सभा के एजेण्डा में शामिल करवाये।
4. बाल विकास परियोजना अधिकारी समस्त जिला सिरोही ।
5. प्रचेता/सुपरवाईजर महिला अधिकारिता ब्लॉक समस्त को भेजकर लेख है कि ग्राम पंचाय/पंचायत समिति कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर विज्ञप्ति चस्पा कर व्यापक प्रचार–प्रसार सुनिश्चित करें।
6. सरपंच/ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत ....समस्त........ को व्यापक प्रचार–प्रसार हेतु प्रेषित है।
7. प्रोग्रामर महिला अधिकारिता राज. जयपुर को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करवाने बाबत।
8. संपादक दैनिक भास्कर सिरोही को भेजकर निवेदन है कि जिले के संस्करण मे **DIPR** की दरों पर न्यूनतम साईज में विज्ञप्ति प्रकाशित करें।
9. नोटिस बोर्ड जिला कलेक्टर कार्यालय, जिला परिषद, कार्यालय हाजा, ब्लॉक/पंचायत समिति में चस्पा हेतु।
10. रक्षित पत्रावली।

(अंकिता राजपुरोहित)
सहायक निदेशक
महिला अधिकारिता विभाग,
सिरोही